पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने निःशक्तजनों को सहायक उपकरण वितरित किये

लखनऊः 28 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज अमर उजाला फाउण्डेशन एवं नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा रानी लक्ष्मीबाई स्कूल, विकासनगर, लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में निःशक्तजनों को ट्राईसाईकिल एवं सहायक उपकरण वितरित किये तथा उनके लिए लगाये गये स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राजनैतिक पेंशन मंत्री, श्री राजेन्द्र चैधरी व श्री मनोज पाण्डेय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, लखनऊ के महापौर डाॅ0 दिनेश शर्मा, अमर उजाला के स्थानीय सम्पादक, श्री इंदु शेखर पांचोली सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निःशक्तजन समाज के अंग हैं। उन्हें बराबरी पर लाना समाज का विषय है। निःशक्तजनों को समाज में जोड़कर तथा उनमें आत्मविश्वास पैदाकर के उन्हें स्वालम्बी बनाया जाये। निःशक्तजनों की सेवा ईश्वर के सेवा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सेवा समाज को आगे बढ़ाने के काम में लाभदायक है।

श्री नाईक ने कहा कि सरकार के साथ-साथ समाज के लोग सहयोग करें तो यह काम अधिक अच्छे से हो सकता है। डाॅ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में सशक्त एवं निःशक्त विद्यार्थी दोनों साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं जिससे एक अच्छा वातावरण बनता है। विश्वविद्यालय के सहयोग से ऐसे विशेष लोगों को पुनर्वास की सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुविधा का उपयोग सही ढंग से हो जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हों सके। उन्होंने अमर उजाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि आम तौर से समाचार पत्र समूह का केवल समाचार लेखन से सरोकार होता है लेकिन अमर उजाला की यह जनसेवा से जुड़ी भावना स्वागतयोग्य है।

राजनैतिक पेंशन मंत्री, श्री राजेन्द्र चैधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता से निःशक्तजनों के कल्याणार्थ कई योजना चला रही है। निःशक्तजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री मनोज पाण्डेय ने अमर उजाला को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार समाज के सभी लोगों के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि निःशक्तजनों के कल्याण के लिये सरकार ने बजट में बढ़ोत्तरी भी की है।

इस अवसर पर लखनऊ के महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा ने भी अपने विचार रखें।

अनेक प्रदेशाः अनेके च वेषाः
परं यत्र सर्वे वयं भारतीयाः प्रियं

निशक्तजन सहायता शिविर
एवं मेगा हेल्थ कैम्प
निशक्तजन सहायता शिविर
एवं मेगा हेल्थ कैम्प